# हिमाचल–संस्कृत–अकादमी

( हिमाचलप्रदेशसर्वकारः )

उच्चतरशिक्षानिदेशालयपरिसरः, लालपानी, शिमला–१७१००१

डॉ. केशवानन्द कौशलः
सचिव
94183 35463

दूरवाणी फैक्स संख्या: 0177-2658093
ईमेल: himsktacademy@gmail.com


हिमाचल संस्कृत अकादमी परिसर शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि.प्र.
24 SEP 2024
शिमला-1

पत्रसंख्या. हि.सं.अ.-7/2024-25-131-134

दिनांक 24/09/2024

सेवायाम्,

उप-शिक्षा निदेशक (उच्चतर/प्रारम्भिक)
हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश।

विषय-: **"हिमाचल संस्कृत अकादमी"** द्वारा आयोज्य विद्यालयस्तरीय,जिला हमीरपुर की संस्कृत प्रतियोगिताओं के संदर्भ में।

महोदय,

इस कार्यालय के पत्र सं. हि.सं.अ.-5/2024-25-80 दिनांक 22 अगस्त, 2024 का प्रसंग जारी रखते हुए उल्लेखित है कि 'हिमाचल संस्कृत अकादमी' संविधान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु संविधान मद सं -5 के अनुरूप, **दिनांक 4 अक्तूबर, 2024** को **राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-कांगू, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)** में प्रातः 9:00 बजे से जिला हमीरपुर की संस्कृत प्रतियोगिताएँ आयोजित करने जा रही है। इसमें (क) कनिष्ठ वर्ग (छठीं से आठवीं कक्षा) के छात्रों की मन्त्रोच्चारण एवं श्लोकोच्चारण तथा (ख) वरिष्ठ वर्ग (नवम से द्वादश कक्षा) के छात्रों की संस्कृत भाषण एवं संस्कृत गीतिका प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी।

अतः आपसे विनम्र आग्रह है कि जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापकों को उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में छात्रों को भाग लेने हेतु आदिष्ट कर कृतार्थ करें तथा संस्कृत अध्यापकों/प्रवक्ताओं से आग्रह है कि वह अपने-अपने विद्यालय से भेजे गए छात्रों की सूची अनुसार पंजीकरण दिनांक **4 अक्तूबर, 2024** को प्रातः 08:45 बजे **राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-कांगू, जिला हमीरपुर** के कार्यालय में करवा लें। प्रत्येक विद्यालय से एक विषय में एक छात्र या छात्रा ही भाग लेंगे।

**कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग की सम्भावित प्रतियोगिताएँ:-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संस्कृत मन्त्रोच्चारण स्पर्धा | **(कनिष्ठ वर्ग)** | - | 3 मन्त्र |
| 2. | संस्कृत श्लोकोच्चारण स्पर्धा | **(कनिष्ठ वर्ग)** | - | 3 श्लोक (अनुष्टुप्-छन्द को छोड़कर) |
| 3. | संस्कृत भाषण स्पर्धा | **(वरिष्ठ वर्ग)** | - | 3 – 4 मिनट |
| 4. | संस्कृत गीतिका स्पर्धा | **(वरिष्ठ वर्ग)** | - | 3 - 4 मिनट |

**भाषण विषयाः**

1. संस्कृतिः संस्कृताश्रिता।
2. योगः कर्मसु कौशलम्।
3. पर्यावरण संरक्षणम्।
4. नूतन शिक्षानीतौ संस्कृतम्।

**विशेषः-** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों/अध्यापकों को अकादमी नियमानुसार सामान्य यात्रा-भत्ता प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय से एक अध्यापक/अध्यापिका अधिकृत रूप से प्रभारी होंगे। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

सधन्यवाद !

(डॉ॰ केशवानन्द कौशल)
सचिव
हिमाचल संस्कृत अकादमी

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित-:

1. शिक्षा निदेशक (उच्चतर), हिमाचल प्रदेश, से आग्रह है कि इस पत्र को शिक्षा निदेशालय उच्चतर की वेबसाइट पर अपलोड कर कृतार्थ करें।
2. शिक्षा निदेशक (प्रारम्भिक), शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171001 को सूचनार्थ।
3. प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगू, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) से आग्रह है कि उपर्युक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु आपका सहयोग नितान्त आवश्यक है तथा विद्यालय स्तर पर उप समिति का गठन कर सभी कार्यालयीय औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएँ। संस्कृत भाषा के विकास तथा संवर्धन में आपके सहयोग के लिए अकादमी धन्यवादी होगी।

सचिव